पेज थ्री देहरादून
देहरादून बृहस्पतिवार 22 अक्टूबर 2020
पेज 8
# हमारा दून

"बायो–कम्पोजिटः वुड एंड वुड बेस्ड मटेरियल" शीर्षक विषय पर वेबिनार का आयोजन।



## संक्षिप्त समाचार

### "नाबार्ड के सहयोग से सहकारिता सशक्तिकरण" पर गोष्ठी

**संवाददाता** देहरादून। उप निबन्धक, सहकारी समितियां उत्तराखण्ड देहरादून ने अवगत कराया है कि "नाबार्ड के सहयोग से सहकारिता सशक्तिकरण" विषयक एक गोष्ठी, सहकारिता मंत्री डॉ. धन सिंह रावत एवं माननीय अध्यक्ष नाबार्ड डॉ. जीआर चिंतला की उपस्थिति में 22 अक्टूबर 2020 को प्रातः 11 बजे होटल पर्ल एवेन्यू रिंग रोड देहरादून में किया जा रहा है।

### पुलिस भर्ती शुरू किये जाने की मांग को लेकर प्रदर्शन

**संवाददाता** देहरादून। फॉरेस्ट गार्ड परीक्षा का रिजल्ट जारी करने तथा पुलिस भर्ती शुरू किये जाने की मांग को लेकर बेरोजगारों ने यूकेएसएसएससी के रिंग रोड स्थित कार्यालय पर प्रदर्शन किया। बेरोजगार रामेश्वर कंडवाल के नेतृत्व में पहले रिंग रोड स्थित अधिनस्थ सेवा चयन आयोग के कार्यालय पर फॉरेस्ट गार्ड का रीजल्ट रदद् नही, रिजल्ट जारी करने की मांग को लेकर प्रदर्शन किया और वहां पर सक्षम अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। इस बीच वहां पर पुलिस बल भी तैनात किया गया। इसके बाद कुछ बेरोजगार पुलिस मुख्यालय पहुंचे और वहां पर 6 साल से पुलिस भर्ती नही आई है और इसे शीघ्र शुरू किये जाने की आवश्यकता है।

### स्कन्दमाता की भक्तों ने की पूजा अर्चना

**संवाददाता** देहरादून। पंचम नवरात्र के दिन मंदिरों व घरों में मांता स्कन्दमाता की पूजा अर्चना की गई और भक्तों ने व्रत रखे। इस अवसर पर मां कालिका माता मंदिर में प्रिय हरे रंग के नवीन वस्त्र धारण कराए गए. मंदिर के मुख्य पुजारी बिशम्बर थपलियाल द्वारा सभी देवी देवताओं का पूजन किया गया जिसमें घंटी पूजन, शंख पूजन, सूर्य पूजन, गणेश पूजन लक्ष्मी पूजन, व नवग्रह पूजन अनादि देवताओं का पूजन पुजारी द्वारा किया गया।

### एम्स, ऋषिकेश में मरीजों को कोविड–19 का शीघ्र और सटीक उपचार मिलेगा

**संवाददाता** ऋषिकेश। अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) के अलगाव वार्डों में रहने वाले कोविड–19 के रोगियों को नवीनतम लाईफाई तकनीक से लाभ मिलेगा। अहमदाबाद स्थित लाईफाई प्रौद्योगिकी आविष्कारक, नव वायरलेस प्रौद्योगिकी प्राईवेट लिमिटेड ने उत्तराखंड राज्य के पवित्र शहर ऋषिकेश में स्थित इस प्रतिष्ठित चिकित्सा संस्थान में लाईफाई (लाइट फिडेलिटी) प्रौद्योगिकी–आधारित संचार सुविधा स्थापित की है। नव वायरलेस टेक्नोलॉजी एशिया में लाईफाई सेक्टर में एकमात्र पंजीकृत कंपनी है।

# हाईकोर्ट के आदेशों का भी अनुपालन नहीं कर रही सरकार

**अल्टीमेटम**

■ निष्कासित रोडवेज के चालक व परिचालकों के समर्थन में उतरी यूकेडी

**संवाददाता**

देहरादून। उत्तराखंड क्रांति दल के नेता शिव प्रसाद सेमवाल ने कहा है कि उत्तराखंड रोडवेज एंप्लाइज यूनियन से जुड़े हुए निष्कासित रोडवेज के चालक व परिचालकों की बहाली और सात महीने के रुके हुए वेतन दिलाए जाने की मांग के लिए उत्तराखंड क्रांति दल कल 22 अक्टूबर से रोडवेज के सभी डिपो पर धरना प्रदर्शन करेगा। इसके लिए सरकार को आज तक का अल्टीमेटम दिया गया है।

दल के केन्द्रीय कार्यालय कचहरी रोड पर पत्रकारों से रूबरू होते हुए उन्होंने सरकार को अल्टीमेटम दिया है कि यदि 21 अक्टूबर शाम तक रोडवेज के निष्कासित कर्मचारियों के हित में कोई ठोस निर्णय नहीं लिया जाता तो कल 22 अक्टूबर को रोडवेज के इन्हीं कर्मचारियों के साथ सभी डिपो पर उत्तराखंड क्रांति दल के कार्यकर्ता एक साथ धरना प्रदर्शन में शामिल होंगे।




उन्होंने कहा कि जबकि हाईकोर्ट से भी इन चालकों व परिचालकों के पक्ष में निर्णय आया है लेकिन अभी तक किसी भी प्रकार की कोई कार्यवाही नहीं की गई है। इस अवसर पर उत्तराखंड क्रांति दल के मीडिया प्रभारी शांति प्रसाद भट्ट ने कहा कि सरकार इतनी असंवेदनशील हो गई है कि कर्मचारियों के हित में हाईकोर्ट के आदेशों का भी अनुपालन नहीं कर रही है। यह सरासर हाई कोर्ट की अवमानना है। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड हाई कोर्ट ने अपने अंतरिम आदेश में रोडवेज के निष्कासित कर्मचारियों को तत्काल सेवा में रखने तथा उनका वेतन देने के साथ–साथ उनसे किसी तरीके का बॉन्ड न कराए जाने के लिए भी आदेश दिया है, किंतु सरकार कर्मचारियों के हित में हाईकोर्ट की बात मानने के बजाय डबल बेंच में जाने की बात कह रही है। यहां तक कि सरकार इस आदेश के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट जाने का भी मन बना चुकी है।

उन्होंने कहा कि गौरतलब है कि निकाले गए यह सभी कर्मचारी लगभग एक दशक से रोडवेज में कार्यरत हैं तथा उत्तराखंड के ही मूल निवासी हैं। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड क्रांति दल ने साफ अल्टीमेटम दिया है कि यदि उत्तराखंड के मूल निवासी तथा स्थाई निवासी कर्मचारियों के हित के खिलाफ सरकार ने कोई भी कदम उठाया तो उत्तराखंड क्रांति दल किसी भी हद तक जा सकता है और इसकी संपूर्ण जिम्मेदारी सरकार की होगी। इस अवसर पर वार्ता में शांति प्रसाद भटट आदि शामिल थे।

### सशस्त्र झण्डा दिवस मनाया जाता हैः जिलाधिकारी

देहरादून। प्रत्येक वर्ष 07 दिसम्बर को भारत की रक्षा सेनाओं के बलिदान एवं सेवाओं के प्रति राष्ट्र का आभार व्यक्त करने हेतु सशस्त्र झण्डा दिवस मनाया जाता है। इस दिन सेनाओं के बलिदान की याद में लोग सीने पर तथा अपने वाहनों पर भारतीय सशस्त्र सेना के झण्डे प्रतीक के रूप में लगाते हैं तथा यथाशक्ति सशस्त्र सेना झण्डा दिवस पर सहयोग राशि देकर अपने आप को गौरवान्वित महसूस करते हैं। शासन द्वारा दिए गए निर्देशों के अनुपालन में डीएम डॉ. आशीष कुमार श्रीवास्तव ने अवगत कराया कोविड–19 महामारी के दृष्टिगत सशस्त्र सेना झण्डा दिवस मनाये जाने और पहले व बाद में आमजन व संस्थाओं से सहयोग राशि एकत्रित किए जाने के दौरान सम्बन्धित कार्यकर्ताओं द्वारा हर हाल में मास्क पहनना व सामाजिक दूरी का पालन किया जाना आवश्यक होगा। इससे सम्बन्धित किसी भी प्रकार के आयोजन में कोविड–19 पर जारी दिशा–निर्देशों के अनुसार कार्यवाही की जाएगी। प्रतीक/कार झण्डो की बिक्री केवल 07 दिसम्बर 2020 तक ही सीमित रहेगी, किन्तु 'सशस्त्र सेना झण्डा दिवस कोष' हेतु धनराशि एकत्रित करने के लिए प्रयास लगाकर जारी रहेंगे।

# सरकार अब तक नहीं बना पाई कोई ठोस स्वास्थ्य नीति

**आरोप**

■ युवा कांग्रेस राज्य सरकार के खिलाफ जमकर प्रदर्शन कर धरना दिया

देहरादून। **संवाददाता**

युवा कांग्रेस द्वारा गांधी पार्क में राज्य सरकार के खिलाफ जोरदार विरोध प्रदर्शन किया गया। इस अवसर पर युवा कांग्रेस के कार्यकर्ता जिलाध्यक्ष भूपेन्द्र नेगी के नेतृत्व में गांधी पार्क पहुंचे और वहां पर राज्य सरकार के खिलाफ जमकर प्रदर्शन कर धरना दिया।

इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि मुख्य मुद्दा बेरोजगारी किसानों की समस्याओं जैसे कि किसानों की फसलों को एमएसपी रेट पर खरीदना, सरकार द्वारा रोडवेज कर्मचारियों को समय पर तनख्वाह न देना, कोरोना काल में सरकार द्वारा कोरोना से हुई मौतों को छुपाया जाना एवं सरकार द्वारा कोई ठोस स्वास्थ्य नीति अब तक न बनाना रहा है।

वक्ताओं ने कहा है कि युवा कांग्रेस इन मुद्दों को लेकर जनता के बीच जाएगी एवं पूरे प्रदेश में जन जागरण अभियान चलाया जाएगा। इस अवसर पर विरोध प्रदर्शन में जिलाध्यक्ष भूपेंद्र नेगी,प्रदेश महासचिव संदीप चमोली, प्रदेश संयोजक राहुल प्रताप लकी, प्रदेश प्रवक्ता संदीप कुमार, प्रदेश प्रवक्ता आयुष अंबा, प्रदेश सचिव जितेंद्र नेगी आदि मौजूद रहे।



### समाजवादी पार्टी की प्रदेश कार्यकारिणी घोषित

**संवाददाता** देहरादून। समाजवादी पार्टी उत्तराखंड के प्रदेश अध्यक्ष प्रोफेसर एस एन सचान ने प्रदेश कार्यकारिणी घोषित कर दी है और उन्होंने कहा कि इसमें सभी वर्ग के लोगों को शामिल किया गया है। परेड ग्राउंड स्थित प्रदेश कार्यालय में पत्रकारों से रूबरू होते हुए उन्होंने कहा कि 45 सदस्य प्रदेश कार्यकारणी में नियुक्त किये गये है और तीन उपाध्यक्ष, तीन महासचिव, चार प्रवक्ता, 20 सचिव, पांच सदस्य, पांच विशेष आमंत्रित सदस्य, कोषाध्यक्ष, ओर एक पदेन सदस्य घोषित किये गये है। उन्होंने कहा कि दल को व्यापक स्तर पर मजबूत कर तीसरी ताकत के रूप में उभरेगी। उन्होंने कहा कि सपा उत्तराखंड में विकल्प देने की राजनीति कर पिछले बीस वर्षों से कांग्रेस व भाजपा सरकार ने जो राज्य की जनता के साथ धोखा किया है और उसके पलट जल, जंगल, जमीन, पर्यावरण, पलायन, रोजगार के सकारात्मक मुद्दों को लेकर जनता के बीच जायेंगें।

In a Digital World Why To wait for a Howker

Visit Us at http://app.page3news.co.in

Supporting Devices
All Apple Touch Phones & Tablets
All Android Touch Phones & Tablets
All Window & BlackBerry Touch Phones 10+




Scan This Code

Read News
Watch News Channel

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक प्रदीप चौधरी द्वारा एल.के प्रिंटर्स,74/9,आराघर,देहरादून से मुद्रित व जाखन जोहड़ी रोड, पी.ओ.–राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
संपादकः प्रदीप चौधरी

सिटी कार्यालयः
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल दर्शनलाल चौक, देहरादून।
फैक्स नं०–
0135-2650558
(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।